समाचार

# महापौर ने लक्ष्मणबन तालाब एवं अन्य क्षेत्रों किया निरीक्षण

(तालाबों की साफ–सफाई और गहरीकरण का दिया निर्देश, वार्डवासियों की अन्य विभिन्न समस्याओं से रूबरू हुई महापौर, आवश्यक कार्यो को मानसून से पूर्व कराए जाने हेतु महापौर ने निर्देशित किया निगम अधिकारियों को)



कोरबा 28 मई 2019 –कोरबा नगर पालिक निगम की महापौर और कोरबा की प्रथम महिला श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम अधिकारियों के साथ सुबह से ही अनेक स्थलों का निरीक्षण किया, वार्ड क्र. 11 स्थित लक्ष्मणबन तालाब का निरीक्षण करने के बाद महापौर ने निगम अधिकारियों को मानसून से पूर्व तालाब की साफ–सफाई और जल भराव क्षमता में बढोत्तरी के नजरिएं से तालाब के गहरीकरण का भी निर्देश दिए। उन्होने उम्मीद जताई की बरसात शुरू होने से पहले तालाब की साफ–सफाई और गहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। महापौर ने विश्वास जताया कि तालाबों की जलभराव क्षमता बढ़ने से वार्डवासियों को निस्तारण हेतु काफी सुविधा हो जाएगी और जल संकट का सामना नहीं करना पडेगा।

वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार स्थित तालाब का भी अधिकारियों के साथ महापौर ने निरीक्षण किया और तत्संबंधी आवश्यक निर्देश दिया। यहां पर वार्डवासियों ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। इनमें प्रमुख रूप से बरसात से पहले छोटी–बड़ी नालियों की साफ–सफाई और आसपास के क्षेत्रों में जहां बरसात का पानी रोकने से मच्छर आदि पनपने की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों की सफाई आदि हेतु निवेदन किया। महापौर ने बरसात में पनपनेवाली बीमारियों से बचाव के लिए एहतियात के तौर पर मानसून पूर्व साफ–सफाई कार्यो को प्राथमिकता से पूरा कराने हेतु नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने इच्छा जताई कि मानसून से पहले अन्य वार्डो में भी अधिकारीगण सफाई कार्यो का जायजा लेकर तत्परतापूर्वक आवश्यक कार्य सम्पन्न करायें।

महापौर के साथ विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के लिए साथ में कोरबा नगर पालिक निगम के जो अधिकारी उपस्थित रहे उनमें प्रमुख रूप से निगम आयुक्त श्री.एस.के. दुबे, अभियंतागण श्री एम.के. वर्मा, ए.के. शर्मा और श्री डी. सी.सोनकर, स्वच्छता अधिकारी श्री संजय तिवारी सहित निगम के अनेक अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही वार्ड क्र. 11

के पार्षद व एम.आई.सी. सदस्य श्री दिनेश सोनी, वार्ड क्र. 29 के पार्षद श्री प्रदीप जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती मंगल बुधिया एवं विभिन्न वार्डो के अनेक निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।